# सिम्फनी लिमिटेड ने बीएलडीसी टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लॉन्च की

**अहमदाबाद।** एवोपरेटिव एयर कूलरों में वैश्विक अग्रणी कंपनी सिम्फनी लिमिटेड ने बीएलडीसी टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित दुनिया की सबसे पहली एयर कूलर रेंज लॉन्च की। अत्यधिक ऊर्जा कुशल ऐसी इछउ्ळ एयर कूलर रेंज, अन्य कूलरों की तुलना में 60% तक कम बिजली की खपत करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रति वर्ष रु. 2,000 तक की ऊर्जा की बचत होती है।

कंपनी ने बीएलडीसी रेंज में 80 लीटर, 55 लीटर और 30 लीटर क्षमता के 3 मॉडल लॉन्च किए हैं। अत्यधिक ऊर्जा कुशल होने के अलावा, इसमें अतिरिक्त सुविधाओं जैसे 7-गति विकल्प, 8 घंटे तक की नाइट स्लीप मोड, टचस्क्रीन कंट्रोल पैनल आदि भी हैं। सिम्फनी कूलर्स को इस तरह से बनाए गए है जो प्रति वर्ष 18 पेड़ लगाने* के बराबर कार्बन फुटप्रिंट को कम करते है और एयर कंडीशनर की तुलना में केवल 10% ऊर्जा की खपत करते है।



इस विषय पर टिप्पणी करते हुए, सिम्फनी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री अचल बकेरी ने कहा, ह्लसिम्फनी में, हम कल के बारे में आज सोचते हैं। हमारा प्रयास हमेशा ग्रह और इसके निवासियों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करना रहा है, जो हमारे ब्रांड टैगलाइन - 'थिंकिंग ऑफ टुमॉरो' के माध्यम से परिलक्षित होता है। हमें यकीन है कि इस नई एयर-कूलिंग रेंज के साथ, सिम्फनी एयर कूलिंग के भविष्य में क्रांति लाएगी और उपभोक्ताओं मे कूलिंग समाधान के वैश्विक ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करेगी।

सिम्फनी की बीएलडीसी उत्पाद श्रृंखला भारत में निर्मित है और कंपनी ने देश के भीतर आपूर्ति के लिए संपूर्ण इकोसिस्टम को विकसित किया है। ब्रशलेस डीसी इलेक्ट्रिक मोटर्स में स्थायी चुंबक होते हैं जिसके परिणामस्वरूप कम हीट लोस होता है, जिससे मोटर ऊर्जा कुशल होती है और बिजली की खपत कम हो जाती है।विजय सेल्स के सीएमडी श्री नीलेश गुप्ता ने कहा, "प्रौद्योगिकी, आधुनिकीकरण और उपभोक्ता-प्रथम दृष्टिकोण के लिए जाना जाने वाला, सिम्फनी एयर कूलर, एयर कूलर के ग्राहकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है। सिम्फनी कई इनोवेटिव और इंडस्ट्री फर्स्ट प्रोडक्ट्स के लॉन्च के जरिए एयर कूलर्स में ग्लोबल लीडर के रूप में उभरी है और इछउ्ळ रेंज ब्रांड की ओर से एक और नया इनोवेशन होगा। हम 15 से अधिक वर्षों से सिम्फनी ब्रांड के साथ गर्व से जुड़े हुए हैं।" 1988 में स्थापित, सिम्फनी लिमिटेड 60 से अधिक देशों में उपस्थिति होने के साथ अग्रणी भारतीय बहु-राष्ट्रीय एयर-कूलिंग कंपनी है। कंपनी के पास घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक स्थानों के लिए कूलिंग आवश्यकताओं को पूरा करने वाली एक विस्तृत उत्पाद श्रृंखला है। भारत में अहमदाबाद में मुख्यालय के साथ, सिम्फनी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सफल हरित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए एयर-कूलिंग उद्योग के प्रयासों का नेतृत्व करती है। आरएंडडी और इनोवेशन पर उच्च स्थान पर, कंपनी के पास 200+ ट्रेडमार्क, 60+ पंजीकृत डिजाइन, 15+ कॉपीराइट और 50+ पेटेंट हैं, जो एयर-कूलिंग के स्वर्ण मानक को परिभाषित करते हैं।